विश्व धरोहर दिवस पर NCC कैडेट्स ने लिया धरोहर संरक्षण का संकल्प

दिनांक 18 अप्रैल 2026 को विश्व धरोहर दिवस पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर और दीप्तिमान संस्कृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कैडेट कोर 102 यू पी बटालियन गोरखपुर इकाई के कैडेट्स ने धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लिया। विश्व धरोहर दिवस पर केंद्रित धरोहर संकल्प पर कैडेट्स को शपथ दिलाते हुए लेफ्टिनेंट डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि धरोहरें केवल पत्थर और ईंटों का ढांचा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे पूर्वजों के पराक्रम, मेधा और जीवन मूल्यों की जीवित गवाह हैं। आज जब हम विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, तो हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। 'धरोहर संकल्प 2026' का उद्देश्य युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति अनुभूति कराना है। लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित एन.सी.सी. कैडेट्स और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी धरोहरें चाहे वे मंदिर हों, स्तूप हों या प्राचीन किले वे मूक खड़े पत्थर नहीं हैं, बल्कि वे हमारे गौरवशाली अतीत की धड़कनें हैं।हर कैडेट एक 'विरासत दूत' के रूप में कार्य करे और समाज को अपनी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करे। एन.सी.सी. कैडेट्स राष्ट्र की शक्ति हैं; यदि आप एक स्मारक को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं, तो आप आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास को सुरक्षित कर रहे हैं।